हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

12 डोर-टू-डोर की गाड़ियों में जीपीएस में मिली समस्याएं



12 हकृवि में पीएचडी के विभिन्न विषयों में दाखिले शुरू




## खबर संक्षेप

### स्वच्छता के नियम तोड़ने पर निगम ने किए चालान

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के निर्देशानुसार अधिकारी लगातार शहर के विभिन्न इलाकों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुंडू ने औद्योगिक क्षेत्र में 2 के द्वारा डस्टबिन प्रयोग न करने और एक दुकानदार के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथीन यूज करने पर उनके चालान किए गए।

### पीरावाली रेलवे फाटक के पास चिट्टा समेत दो काबू

**हिसार।** सीआईए पुलिस ने गांव पीरावाली रेलवे फाटक के पास से दो युवकों को गिरफ्तार कर 8.42 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एएसआई महावीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पीरावाली रेलवे फाटक के निकट नाकाबंदी की गई, जहां से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर काबू किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम संजीव उर्फ बंटी, निवासी बागन, भिवानी तथा मंजीत निवासी गांव गारणपुरा जिला भिवानी बताया।

### हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत चलाया अभियान

**हांसी।** पुलिस द्वारा मंगलवार को ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कॉम्बिंग अभियान, स्नीफर डॉग टीम सहित नशा व अपराधिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न संवेदनशील स्थानों सांई कॉलोनी हांसी, टेलीफोन एक्सचेंज के सामने झुग्गी झोपड़ी, हाउसिंग बोर्ड, हुड्डा सेक्टर 5 में व्यापक सर्च अभियान चलाया गया।

### निगम टीम ने ऑटो मार्केट से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। मंगलवार को अभियान के नोडल अधिकारी सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि पुरानी ऑटो मार्केट में लोहे के व्यापारियों द्वारा दुकान के बाहर रखा सामान स्वयं हटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही पुरानी ऑटो मार्केट में लोहा व्यापारियों द्वारा किए गए सभी अतिक्रमण पूरी तरह हटा दिए जाएंगे।

### लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक 5 को

**हिसार।** जिला लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में 5 दिसंबर को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। नगराधीश हरिराम ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। बैठक में गत बैठकों के लंबित परिवाद के अलावा हाल ही में आमजन द्वारा दिए गए परिवादों को भी रखा जाएगा।

सीएम फ्लाइंग की आदमपुर में बड़ी कार्रवाई

# 45,400 नशिले कैप्सूल और गोलियों का जखीरा पकड़ा

## मेडिकल स्टोर संचालक बिना लाइसेंस कर रहा था सप्लाई नशे के लिए प्रयोग की जाती थी दवाइयां

- अधिकांश दवाइयां मेडिकल नशा करने में प्रयोग की जाती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले में सीएम फ्लाइंग टीम ने मंगलवार को आदमपुर कस्बे में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने सूचना के आधार पर एक मकान पर रेड की और वहां खड़ी कार से 45,400 कैप्सूल और गोलियां बरामद कीं। इनमें से अधिकांश दवाइयां मेडिकल नशा करने में प्रयोग की जाती हैं। मौके पर कोई बिल या वैध दस्तावेज उपलब्ध न होने पर सभी दवाइयों को जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। रेड का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की इंचार्ज सुनैना ने किया। टीम में औषधि नियंत्रण अधिकारी अजय बिश्नोई, एएसआई सुरेंद्र, हेड कांस्टेबल जितेंद्र व विजय शामिल रहे। टीम को सूचना मिली थी कि आदमपुर में कुछ लोग मेडिकल नशे की अवैध सप्लाई कर रहे हैं, जिसके बाद टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आदमपुर के भारत मेडिकल स्टोर के संचालक प्रिंस के आवास पर रेड की।



हिसार। छानबीन करती सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### मेडिकल नशा बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मेडिकल नशे की रोकथाम के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल नशा युवाओं को तेजी से बर्बाद कर रहा है और कई बार इसके ओवरडोज से जान तक चली जाती है। इसलिए प्रशासन लगातार ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रख रहा है जो नशीली दवाइयों का अवैध व्यापार करते हैं। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि अगर कहीं भी मेडिकल नशा बेचने की सूचना मिले तो तुरंत संबंधित विभाग को जानकारी दें।

### छह महीने पहले भी हो चुकी थी कार्रवाई

जानकारी के अनुसार लगभग छह महीने पहले भी औषधि नियंत्रण अधिकारी ने प्रिंस के भारत मेडिकल स्टोर की जांच की थी। तब भी उसके पास से नशीली दवाइयों का अवैध स्टॉक मिला था, जिसके बाद मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया था और मेडिकल स्टोर का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया था। इसके बावजूद उक्त व्यक्ति प्रिंस द्वारा अवैध कारोबार जारी रखा गया।

### गाड़ी से भारी मात्रा में नशीली गोलियां जब्त

जांच के दौरान मकान के बाहर खड़ी एक कार की तलाशी ली गई। कार से ट्रैकडोल 100 एसआर की 40,500 टेबलेट, प्रोगाबालिन 300 के 3400 कैप्सूल तथा जंटाडोल 100 **SR** की 1500 गोलियां बरामद हुईं। औषधि विभाग के अनुसार ये दवाएं एनआरएक्स श्रेणी में तो नहीं आतीं, लेकिन इनका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर नशा करने के लिए किया जा रहा है। टीम ने बरामद तीनों प्रकार की दवाइयों के सैंपल भी ले लिए हैं। छापेमारी के दौरान संचालक प्रिंस कोई बिल प्रस्तुत नहीं कर पाया और न ही उसके पास मेडिकल स्टोर चलाने का वैध लाइसेंस मिला। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि यह माल उसने हिसार से खरीदा था।

# 5.72 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को मिली मंजूरी

- बरवाला हलके को मिला विकास का बड़ा तोहफा 42 विकास परियोजनाएं की मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बरवाला विधानसभा क्षेत्र के विकास को और गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 5 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत की 42 विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। हलके के गांव मिर्जापुर, पान्ना महराणा, पान्ना आलमपुर, डाबड़ा, नियाणा, खरकड़ी, शिकारपुर, मिरकां, खेड़ी बर्की, लाडवा, भगाणा, बिछपड़ी, तलवंडी राणा, बहबलपुर, धिकताणा, पंघाल, सातरोड कलां, राजली, ढ़ाणी खान बहादुर, जुगलान, धांसू, खोखा, बुगाना, मय्यड़, सरसौद, ढ़ाणी मिरदाद, देवीगढ़ पुनिया, जेवरा, ढ़ाणी गारण, ढ़ाणी रायपुर व खरड़ आदि

- बरवाला विस के विकास में नहीं रहने देंगे कोई कमी : रणबीर गंगवा



रणबीर सिंह गंगवा, कैबिनेट मंत्री।

के लिए स्वीकृत 42 परियोजनाओं पर निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाया जाएगा। कई गांवों की गलियां, तालाबों की चारदीवारी, जिम, फिरणी के निर्माण कार्य के साथ-साथ स्कूलों में प्रार्थना सभा शेड भी बनाए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संतुलित विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बरवाला विधानसभा क्षेत्र के नागरिक विभिन्न सुविधाओं की मांग कर रहे थे और अब मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गई इस मंजूरी से पूरे हलके में विकास की नई रोशनी फैलेगी। बरवाला के लोगों को सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लगभग साढ़े तीन दर्जन विकास कार्यों की मंजूरी मिली है। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि गांव धांसू के स्टेडियम में मल्टीपरपज हॉल का निर्माण किया जाएगा। गांव खोखा में लाइब्रेरी हॉल की स्थापना की जाएगी। गांव मीरकां में शिव मंदिर के पास एक भव्य पार्क, गांव शिकारपुर और खरकड़ी में जिम की स्थापना करवाई जाएगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 13 दिसंबर को हिसार व हांसी न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, बिजली मामले, पेंशन मामले, हाउस टैक्स सहित विभिन्न प्रकार के लंबित विवादों का आपसी सहमति से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## हांसी पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले के खिलाफ चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस द्वारा नवंबर 2025 माह के दौरान पुलिस जिला के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष यातायात चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात अनुशासन को मजबूत करने के उद्देश्य से संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस की टीमों ने मुख्य मार्गों, चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं हाइवे प्वाइंट्स पर विशेष रूप से निगरानी रखी। यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 1650 चालान किए गए।

- नवंबर में फ्लैश लाइट, बिना नंबर प्लेट व ड्रिंक-एंड-ड्राइव के 1650 चालान कर दिया सख्त संदेश



अमित यशवर्धन, एसपी, हांसी।

### अभियान के दौरान किए चालान

फ्लैश लाइट का गलत उपयोग के 203, ड्रिंक एंड ड्राइव के 113, बिना नंबर प्लेट के वाहन 1505, मॉडिफाई साइलेंसर वाले वाहन के 10, प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वालो के 12 चालान तथा लाल या नीली बत्ती का दुरुपयोग करने वाले 49 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि इन चालानों का मुख्य उद्देश्य आमजन में यातायात अनुशासन के प्रति जागरूकता लाना और नियमों का उल्लंघन करने वालों को सख्त संदेश देना है कि सड़क सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# विदेश भेजने के नाम पर 48 लाख रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

- कबूतरबाज़ी मामले में एक नामजद आरोपी गिरफ्तार
- अदालत ने आरोपी को 2 दिन का पुलिस रिमांड पर भेजा

पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी, कबूतरबाज़ी एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में एक नामजद आरोपी कैथल निवासी दिलबाग सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से ठगी की राशि, सहयोगियों की भूमिका तथा पूरे नेटवर्क के बारे पूछताछ करेगी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना बरवाला में गांव पंघाल निवासी वीरभान की शिकायत पर गत 15 मार्च को विदेश भेजने के नाम पर ठगी, कबूतरबाज़ी एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने के बारे में अभियोग अंकित किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके भतीजे संदीप को अमेरिका भेजने के नाम पर आरोपी दिलबाग व उसके एजेंट साथियों ने बहला-फुसलाकर कुल 48 लाख रुपये की राशि विभिन्न तारीखों में प्राप्त की। पुलिस जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी दिलबाग और एजेंट विशाल ने अवैध तरीके से संदीप को भारत से अफ्रीका, अफ्रीका से ब्राजील और फिर वहां से सैन साल्वाडोर पर्यटक वीज़ा पर भेजा, जहां से उसे अवैध तरीके से अमेरिका पहुंचाया गया। जहां से उसे भारत वापस भेज दिया गया। पुलिस ने दी गई शिकायत और जांच के निष्कर्ष पर थाना बरवाला में अभियोग अंकित कर मामले में संलिप्त एक नामजद आरोपी दिलबाग सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिसके दौरान ठगी की राशि, सहयोगियों की भूमिका, तथा पूरे नेटवर्क के बारे में विस्तृत पूछताछ जारी है।



हिसार। कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा के साथ चयनित डॉ. खुशबू व डॉ. नवीन भादू व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### डॉ. खुशबू बनीं लुवास की पहली महिला आरवीसी अधिकारी

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) की शोधार्थी डॉ. खुशबू और डॉ. नवीन भादू का भारतीय सैन्य पशु चिकित्सा सेवा (आरवीसी) में अधिकारी के रूप में चयन हुआ है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। दोनों विद्यार्थी साधारण परिवारों से आते हैं और निरंतर मेहनत, समर्पण तथा दृढ़ इच्छाशक्ति से उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। लुवास के कुलपति ने दोनों चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नैतिक मूल्यों और अनुशासित वातावरण की पहचान है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि डॉ. खुशबू का आरवीसी में पहली महिला अधिकारी के रूप में चयन लुवास के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी अध्याय के रूप में अंकित होगा।

# लोको पायलटों की रेलवे स्टेशन पर भूख हड़ताल शुरू

## मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी, धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन बीकानेर मंडल शाखा हिसार द्वारा मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान हिसार ब्रांच अध्यक्ष संदीप सिंहमार, सचिव विकास चौधरी, चैन सिंह, कुलदीप राव, चरणसिंह आदि लोको पायलट ने आज सुबह भूख हड़ताल शुरू की। धरनारत लोको पायलट ने टीए में 25 प्रतिशत वृद्धि के सापेक्ष रनिंग एलाउंस में वृद्धि करने, केएमए की 70 प्रतिशत राशि को आयकर से मुक्त करने तथा रनिंग कैडर के साथ सौतेला व्यवहार बंद करने की मांग की। मंडल सचिव जोगीराम ने बताया कि यदि इस 48 घंटे की हड़ताल के बाद भी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन अगला चरण करने पर विवश होगा। धरनारत लोको पायलटों का कहना है कि वर्तमान में महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत तक पहुंच चुका है लेकिन लोको पायलट को मिलने वाला किलोमीटर भत्ता (केएमए) आज भी पुराने स्तर पर ही दिया जा रहा है। जब हर चीज महंगी हो चुकी है तो लोको पायलट के भत्ते में वृद्धि क्यों नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि केएमए में 25 प्रतिशत की तत्काल वृद्धि की जानी चाहिए। इसके अलावा वर्ष 1982 से रनिंग स्टाफ को टैक्स में विशेष छूट दी जाती रही है क्योंकि यह भत्ता व्यक्तिगत आय नहीं है, बल्कि ड्यूटी के दौरान भोजन, ठहराव, यात्रा और थकान की भरपाई के लिए दिया जाता है। वर्ष 2008 के बाद इसमें कटौती कर दी गई जिससे कर्मचारियों पर बोझ पड़ गया। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि रनिंग अलाउंस का कम से कम 70 प्रतिशत भाग आयकर से मुक्त किया जाए ताकि कर्मचारियों को उनका वास्तविक मेहनताना मिल सके।




हिसार। अपनी मांगों को लेकर रेलवे स्टेशन पर धरना देते लोको पायलट।

चतुर्थ पुण्यतिथि



स्व. श्री सत्यपाल यादव (एडवोकेट)

यादों मे केवल आप हो, नयनों मे पावन स्वरूप!
श्रद्धा सुमन समर्पित मन से, शब्द नहीं अनुरूप!!
हर रोज स्मरण करते है आपको,
दिल से नमन करते है आपको!!

चतुर्थ पुण्यतिथि पर आपको शत्-शत् नमन्
आपकी पावन स्मृति मधुर व्यवहार एक आदर्श व्यक्तित्व के साथ-साथ
आपका हंसमुख स्वभाव हमारे लिए प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे।

श्रद्धानवत

समस्त आनंद भट्ठेवाला परिवार

संपर्क- 9812056796, 9812400014,
9812700796, 9812815900



# कोरिया में 8 दिसंबर को रिलीज होगी लव इन वियतनाम...

**मुंबई।** शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम' 8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट' से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है। लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई।

## लाइफ Style

# एला

## खूबसूरत लुक से लूटी लाइमलाइट


एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस में हर साल 'ले बाल डेस डेब्यूटेंट्स' आयोजित होता है, जिसे ले बाल भी कहा जाता है। यह एक सालाना फैशन इवेंट है, जहां दुनियाभर के प्रतिष्ठित व शाही परिवारों की बेटियां डेब्यू करती हैं। इस साल एला वाडिया ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लुक से इस इवेंट में छा गईं।

फैशन इवेंट 'ले बाल' हर साल नवंबर में पेरिस में आयोजित होता है। यहां दुनियाभर के फिल्म, राजनीति, बिजनेस व अन्य प्रतिष्ठित घरानों की बेटियां इंटरनेशनल सोसाइटी के सामने औपचारिक रूप से रूबरू होती हैं। यह सिर्फ फैशन से जुड़ा इवेंट नहीं है, बल्कि इसका ताल्लुक पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और प्रतिष्ठा से भी है। इस बार भारतीय एला वाडिया ने भी इवेंट में उपस्थिति दर्ज कराई और छा गईं। पेरिस के इस इवेंट में भारतीय नाम एला वाडिया की चर्चा हो रही है। मगर, उनका कनेक्शन मोहम्मद अली जिन्ना से है। बता दें कि एला वाडिया भारत के प्रतिष्ठित बिजनेस घराने वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता जहांगीर वाडिया का ताल्लुक बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियलिटी और गो फर्स्ट जैसी कंपनियों से रहा है। वहीं, मां सेलीना वाडिया फैशन डिजाइनर हैं। एला वाडिया अगर भारत के वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं तो मोहम्मद अली जिन्ना से उनका कनेक्शन कैसे हुआ? इसका जवाब यह है कि जिन्ना की बेटी दीना जिन्ना ने नेविल वाडिया से शादी की थी। उनके बेटे नुस्ली वाडिया हुए। नुस्ली वाडिया ग्रुप के चेयरमैन हैं। उनके दो बेटे-नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया हैं।




## हॉलीवुड मसाला



# बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सम्राट

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है।




# शादी के 7 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 7 साल बीत चुके हैं। मंगलवार को प्रियंका और निक की वेडिंग एनिवर्सरी थी। इस खास मौके पर निक ने प्रियंका की एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। इसमें प्रियंका समुद्र किनारे लेटी हुई हैं, पीठ कैमरे की तरफ है। निक ने लिखा, 'मेरी ड्रीम गर्ल से शादी को 7 साल हो गए।' कथित तौर पर प्रियंका और निक की लव स्टोरी की शुरुआत ट्विटर से हुई थी। दरअसल, निक ने ट्विटर (एक्स) पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर दोनों मैसेज करने लगे। साल 2017 में पहली बार वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में मिले। इसके बाद 2017 के मेट गाला में साथ रेड कार्पेट पर नजर आए। 2018 में इनकी डेटिंग की खबरें आईं।



# मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज...


**मुंबई।** एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो 'मिसेज देशपांडे' के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है। ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए।



# धुरंधर के टाइटल ट्रैक पर किया धांसू डांस

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' का म्यूजिक एल्बम लॉन्च हुआ। इस मौके पर रणवीर ने फिल्म के टाइटल ट्रैक पर मंच पर खूब डांस किया और अपनी धमाकेदार एनर्जी से सबको हैरान कर दिया। रणवीर का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस कार्यक्रम में रणवीर के साथ अभिनेत्री सारा अर्जुन और रैपर-गायक हनुमानकाइंड भी मौजूद थे। रणवीर पूरे काले कपड़ों में थे और बहुत स्टाइलिश लग रहे थे। जैसे ही टाइटल ट्रैक बजा, वे मंच पर नाचने लगे और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह गाना हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है। रणवीर का यह डांस सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस ने सोशल मीडिया पर रणवीर की तारीफों के पुल बांधे हैं।

## टीवी मसाला



# 7वें सीजन के साथ लौट रहा एकता का सुपर नेचुरल शो नागिन...

**नई दिल्ली।** एक और मजेदार ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एकता कपूर का मोस्ट अवेटेड शो नागिन सातवें सीजन के वापस आ रहा है। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी को रहस्यमयी नागिन का रोल निभाने के लिए लिया गया है। 29 साल की एक्ट्रेस को बिग बॉस सीजन 16 में सेकंड रनर-अप रहने के बाद पहचान मिली थी। प्रियंका से पहले नागिन का आइकॉनिक रोल मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश ने किया था। इस शो को दर्शकों ने बहुत पसंद किया है और अब एकता कपूर के शो का 7वां सीजन फिर से भरपूर एंटरटेनमेंट करने के लिए तैयार है। हिंदी सोप-ओपेरा का सातवां सीजन 27 दिसंबर से कलर्स टीवी चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे एयर होना शुरू होगा। नागिन सीजन 7 उसी तारीख को उसी समयजियोहॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। सीजन 7 इस दिसंबर में अपना जादू चलाने के लिए तैयार है। नागिन सीजन 7 के लेटेस्ट प्रोमो में प्रियंका चाहर चौधरी को एक मासूम औरत से रूप बदलने वाली नागिन में बदलते हुए दिखाया गया है। कहानी महाकुंभ मेले पर सेट है, जो एक आने वाले 'महायुद्ध' (बड़े युद्ध) का इशारा देती है। जहां ईशा सिंह का कैरेक्टर प्रियंका के साथ नाग मंदिर को घूरता हुआ दिखाई देता है, जिसका डुअल-लुक सामने आता है, वहीं करण कुंद्रा का कैरेक्टर चेतावनी देता है कि तबाही शुरू हो गई है।


## मैं शेर नहीं जंगल का मालिक हूं : गौरव

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब खत्म होने जा रहा है। शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है, जिसमें पता चल जाएगा कि इस साल बिग बॉस की ट्रॉफी कौन अपनो घर लेकर जाने वाला है। शो के फिनाले वीक में मीडिया कंटेस्टेंट से मिलने के लिए आती है जिसमें पूरे सीजन के तीखे सवाल उनसे पूछे जाते हैं। इस सीजन में मीडिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ है, जो आजतक बिग बॉस की हिस्ट्री में नहीं हुआ है। गौरव खन्ना कहते हैं, 'अगर मैं जनता के प्यार से विनर बन गया तो मैं आपको बता रहा हूं शायद आप न माने, ये बहुत से लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहेगा कि आप बिना गाली-गलौज किए, बिना गलत स्टैंड लिए भी शो जीत सकते हैं। अगर मैं अभिनय कर रहा हूं तो मुझे ऑस्कर दिया जाए। कोई भी एक्टर ऐसे शो में 24 घंटे इस तरह से एक्टिंग नहीं कर सकता है। ये बात मैं नहीं हमारे शो के सुपरस्टार सलमान सर हैं, उन्होंने ही बोला है। हैट्स ऑफ इस लड़के को अगर ये एक्टिंग है। मैं शेर नहीं, उस जंगल का मालिक हूं, जिसमें शेर छुपकर घूमते हैं।' गौरव का ये जवाब सुनकर रिपोर्ट्स उनके लिए ताली बजाने लगते हैं।



# राजासाब से बोमन का हाथ में छड़ी तिरछी नजर और इंटेंस लुक आउट

**नई दिल्ली।** हॉरर फैंटेसी फिल्म 'द राजासाब' के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन पर उनका एकदम नया लुक पोस्टर दिखाया, जो इंडियन सिनेमा के सबसे वर्सेटाइल परफॉर्मर्स में से एक को ट्रिब्यूट है। मारुति के डायरेक्शन में बनी 'द राजासाब' एक आने वाली तेलुगु फिल्म है जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं और यह जनवरी 2026 में संक्रांति के त्योहार के मौसम में थिएटर में रिलीज होगी। द राजासाब में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर का रोल निभा रहे हैं। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जो इंटेलेक्चुअल और मिस्टीसिज्म से भरा हुआ है। फिल्म के ट्रेलर में पहले ही दिखाया गया है कि वह प्रभास के हीरो को हिप्नोसिस में डालते हैं, जिससे कहानी का पहला बड़ा ट्विस्ट आता है और कहानी की इमोशनल पल्स शुरू होती है। राजासाब को पीपल मीडिया फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और संजय दत्त भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।




# वो पांच अभिनेत्रियां, जिन्होंने अपनी सहेली के पति से रचाया विवाह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी लव स्टोरीज हुई हैं जो दोस्ती से प्यार में बदल गईं, लेकिन कुछ मामलों में ये विवादों का कारण भी बनीं। यहां हम बात कर रहे हैं उन पांच एक्ट्रेस की, जिन्होंने अपनी करीबी सहेली के पति से शादी की। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी सहेली के पति से शादी रचाई है, भले ही वो उनकी दूसरी बीवी कहलाईं। इस लिस्ट में पांच अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं, जिनके बारे में सुनकर आपको जरूर हैरानी होगी। ये बॉलीवुड की सबसे कंट्रोवर्शियल लव स्टोरीज में से एक हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

***हंसिका मोटवानी*** : टीवी, साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं हंसिका ने 2022 में बिजनेसमैन सोहेल कठूरिया से शादी की। लेकिन शादी से पहले ये खबरें आईं कि सोहेल उनकी दोस्त रिंकी बाजाज के पहले पति थे। रिंकी के साथ उनकी दोस्ती टूट गई और ये मामला काफी चर्चा में रहा। हालांकि, हाल ही में रिपोर्ट्स में उनकी शादी में दरार और उनके अलग रहने की अफवाहें सामने आई थीं।





***शिल्पा शेट्टी*** : फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने 2009 में राज कुंद्रा से शादी की। राज पहले कविता कुंद्रा से शादीशुदा थे, जो शिल्पा की अच्छी दोस्त थीं। तलाक के बाद राज और शिल्पा ने शादी की, जिससे बॉलीवुड में खूब गॉसिप हुई। आज दोनों खुशहाल हैं और दो बच्चों के माता-पिता हैं।

***अमृता अरोड़ा*** : *मलाइका अरोड़ा की बहन अमृता ने 2002 में बिजनेसमैन शकील लदाक से शादी की। शकील पहले निशा राणा से शादीशुदा थे, जो अमृता की क्लोज फ्रेंड थीं। तलाक के बाद अमृता ने शकील से शादी की। ये जोड़ी आज भी स्ट्रॉन्ग है। शकील की नेट वर्थ करीब 87 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

***सोनिया कपूर*** : *टीवी एक्ट्रेस सोनिया कपूर ने 2018 में हिमेश रेशमिया से शादी की। हिमेश पहले कोमल से शादीशुदा थे, और कोमल सोनिया की अच्छी सहेली थीं। 2017 में हिमेश-कोमल का तलाक हुआ, उसके बाद सोनिया ने हिमेश से शादी की। इस शादी ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं।*

***रवीना टंडन*** : *रवीना ने 2004 में फिल्ममेकर अनिल थडानी से शादी की। अनिल पहले नताशा सिप्पी से शादीशुदा थे, जो बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी की बेटी और रवीना की बेस्ट फ्रेंड थीं। रवीना और अनिल की मुलाकात फिल्म 'स्टंप्ड' के सेट पर हुई, और अनिल के तलाक के बाद दोनों ने शादी कर ली।*

## पहली बार किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने छुई हैं इतनी ऊंचाइयां

# रिलीज से पहले ही इस सस्पेंस थ्रिलर ने कमाए 350 करोड़

*नई दिल्ली। बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तय करती है कि कोई फिल्म सक्सेसफुल हुई या नहीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए पहले फिल्म को थिएटर्स में रिलीज होना पड़ता है, जिसके बाद ऑडियंस फिल्म देखती है और अगर फिल्म अच्छी निकली तब ज्यादा से ज्यादा दर्शक उसे देखने आते हैं। लेकिन, एक फिल्म ऐसी भी है जिस पर लोग आंख मुंदकर भरोसा कर रहे हैं, वो भी इतना कि अभी इस फिल्म का एक सीन भी शूट नहीं हुआ है और इसने बिना रिलीज हुए ही 350 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

### लोका : चैप्टर 1 को छोड़ा पीछे

यह एक मलयालम फिल्म है जिसकी शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है और इसने पहले ही 350 करोड़ रुपए की जबरदस्त कमाई कर ली है। यह फिल्म है दृश्यम 3 जो सबसे सफल सिनेमाई फ्रेंचाइजी में से एक का आखिरी चैप्टर है, जिसका सबको इंतजार था और इसकी प्री-रिलीज कमाई ने अब हाल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें मशहूर लोका: चैप्टर 1 भी शामिल है।

### दृष्यम 3 को लेकर बढ़ा क्रेज

मोहनलाल और जीतू जोसेफ दृष्यम 3 को लेकर वापस आ गए हैं और फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं, खासकर प्रोड्यूसर एम रंजीत के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद। फिल्म के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कन्फर्म किया कि प्रोजेक्ट ने प्री-रिलीज बिजनेस में पहले ही 350 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज ने फिल्म के थिएट्रिकल, ओवरसीज और डिजिटल राइट्स के साथ-साथ हिंदी वर्जन बनाने के राइट्स भी खरीद लिए हैं। इस डील ने मलयालम इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट किया है, यह पहली बार है जब किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने बिना फुटेज, टीजर या स्टिल्स के इतनी ऊंचाइयां छुई हैं।

### कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई



बारह सालों में दृश्यम एक मामूली बजट वाली सस्पेंस ड्रामा से मलयालम कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई है। पहली फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए, दूसरी ने महामारी को हराकर 350 करोड़ रुपए का आंकड़ा छुआ और तीसरी ने एक भी फ्रेम कैप्चर होने से पहले ही रिकॉर्ड बना दिए। अब सबसे बड़ा सस्पेंस बॉक्स ऑफिस नंबर्स में नहीं, बल्कि कहानी में है, कौन सी कहानी उन उम्मीदों के लेवल से मेल खा सकती है जो उसने पहले ही जगा दी हैं? सिर्फ जीतू जोसेफ और मोहनलाल के पास स्क्रिप्ट है और देश भर के दर्शक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरी चैप्टर कैसे सामने आएगा।

### रिलीज से पहले मचाई हलचल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दृश्यम 3 ने शूटिंग शुरू होने से पहले ही 350 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री कर ली है। एक प्रोजेक्ट जो अभी भी प्रोडक्शन स्टेज में है, इस कामयाबी ने फिल्म ट्रेड और फैंस दोनों में हलचल मचा दी है। जो बात इस कामयाबी को और भी खास बनाती है, वह है वह सफर जिसने इस फ्रेंचाइजी को यहां तक पहुंचाया। जब दृश्यम पहली बार 2013 में रिलीज हुई थी, तो यह सिर्फ 3 करोड़ रुपए में बनी एक छोटी मलयालम थ्रिलर के तौर पर आई थी। पहली फिल्म से यह दर्शको के बीच एक पसंदीदा थ्रिलर बन गई और इसके दूसरे पार्ट को भी अपार सफलता मिली।

### हिंदी वर्जन में की धांसू कमाई

जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी और मोहनलाल और मीना स्टारर यह फिल्म जल्द ही पूरे देश में सेंसेशन बन गई, यहां तक कि जापान में भी इसके बहुत सारे फैंस बन गए। इसकी दिलचस्प कहानी ने जल्द ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रीमेक बनाने की प्रेरणा दी। जीतू जोसेफ ने खुद कमल हासन के साथ तमिल अडैप्टेशन डायरेक्ट किया, जबकि श्रीप्रिया ने तेलुगु वर्शन की जिम्मेदारी संभाली, पी वासु ने कन्नड़ रीमेक को डायरेक्ट किया और स्वर्गीय निशिकांत कामत ने अजय देवगन और श्रेया सरन स्टारिंग हिंदी एडिशन को डायरेक्ट किया। अकेले हिंदी वर्जन ने लगभग 1,800 करोड़ रुपए कमाए, जिससे इस फ्रैंचाइजी की पहचान भारत की सबसे मजबूत स्टोरीटेलिंग एक्सपोर्ट्स में से एक के तौर पर पक्की हो गई।

## खबर संक्षेप

### आत्मनिर्भर भारत में युवाओं का अहम रोल

**बरवाला।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में आत्मनिर्भर भारत के विषय पर युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, डबवाली युवा मोर्चा के प्रभारी संजीव गंगवा व डॉ. श्री शर्मा ने शिरकत की। इस दौरान युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के पहलुओं से अवगत करवाया गया। जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संजोया हुआ स्वप्न है, जिसको साकार करने के लिए हर युवा को अपना प्रयास करना चाहिए।

### निर्माण मजदूरों की समस्याओं को की बैठक

**उकलाना।** निर्माण मजदूरों की समस्याओं को लेकर पाबड़ा में संयुक्त बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सीटू से राजबीर पाबड़ा और किसान नेता मास्टर फूल सिंह ने की। संचालन इंटक यूनियन के जिला अध्यक्ष जोरा सिंह पाबड़ा ने किया। बैठक में भवन निर्माण मजदूर सीटू के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सोनी, महासचिव सुखबीर, इंटक के प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार नैन तथा एटक के प्रदेश महासचिव विनी दड़ौली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विक्रम ने संभाला डीएचबीवीएन के एमडी का पदभार

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। बिजली निगम के मुख्य अभियंता अतुल पसरीजा, रजनीश गर्ग, अधीक्षक अभियंता एसएस सांगवान, अनुपम कटियार, एसएस राय, वरिष्ठ निजी सहायक बीरमती एवं अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत प्रबंध निदेशक ने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए बिजली वितरण क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ निर्बाध व सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिष्चित करने के लिए बिजली वितरण प्रणाली को और भी सुदृढ़ किया जाएगा।

### डेवलपमेंट कमेटी पटेल नगर के चुनाव संपन्न

**हिसार।** पंचायती धर्मशाला डेवलपमेंट कमेटी पटेल नगर के प्रशासक कम तहसीलदार ने बताया कि पिटीशन नंबर 34/2025 के आदेशानुसार उक्त सोसायटी के चुनाव संपन्न करवा दिए गए हैं। चुनाव में ताराचंद अनेजा को निर्विरोध प्रधान तथा भारत भूषण को निर्विरोध महासचिव चुना गया। कोषाध्यक्ष के लिए नामांकन प्राप्त नहीं होने पर बुलाई गई बैठक में सभी सदस्यों ने आम सहमति से चंद्रभान गांधी को कोषाध्यक्ष चुना है।

### गुप्ता ने संभाला हिसार मंडलायुक्त का पदभार

**हिसार।** हिसार मंडल के नए मंडलायुक्त के रूप में रवि प्रकाश गुप्ता ने मंगलवार को अपना पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह व जनता-केंद्रित बनाना होगा। मंडलायुक्त ने कहा कि लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा करना तथा जनशिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

---

भारतीय संस्कृति की धरोहर का मूल सार है श्रीमद् भगवत गीता: डॉ. विवेक भारती

# ज्ञान, आस्था और संस्कृति के संगम के साथ गीता महोत्सव का भव्य समापन





**फतेहाबाद।** सांस्कृतिक संध्या एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते हुए स्कूली बच्चे।

**उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी देखा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पंचायत भवन में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गीता महोत्सव का विधिवत समापन हुआ। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की उपस्थिति में सम्पन्न हुए समारोह में दीपोत्सव, आरती और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। महोत्सव के अंतिम दिन सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आस्था और आध्यात्मिकता की अद्भुत छटा बिखेरी। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने इस अवसर पर प्रतिभागियों, सामाजिक संगठनों, विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों और कलाकारों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की। समापन सत्र के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि विभागों ने सरकारी योजनाओं, सेवाओं और जनकल्याणकारी अभियानों को जिस सजीव और प्रभावी तरीके से प्रदर्शित किया है, वह प्रशंसनीय और जनहित में अत्यंत उपयोगी है। उपायुक्त ने कहा कि महोत्सव की शुरुआत जितनी भव्य थी, उसका समापन उससे भी बढक़र उत्कृष्ट, समृद्ध और प्रेरणादायक रहा। गीता के दिव्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का यह एक सफल एवं सार्थक प्रयास रहा है।

#### संस्कृति से जुड़ने का अवसर

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि गीता भारतीय संस्कृति की धरोहर का मूल सार है, जिसमें जीवन का विज्ञान, कर्तव्य का मार्ग और धर्म की सच्ची परिभाषा समाहित है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम हमें भारतीय संस्कृति से जुडने का अवसर प्रदान करते हैं। यह सांस्कृतिक धरोहर से जुडने का एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है। उन्होंने कहा कि गीता के ज्ञान को जीवन में धारण कर हम स्वयं को भी उन्नत कर सकते हैं और समाज को भी।

#### सम्मानित किया

गीता महोत्सव के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी प्रतिभागियों, समाजसेवी एवं धार्मिक संस्थाओं, विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को उपायुक्त द्वारा स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीपदान कार्यक्रम ने समापन समारोह को और भी दिव्य बना दिया। कार्यक्रम में एसडीएम राजेश कुमार, नगराधीश गौरव गुप्ता, जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल, डीडीपीओ अनूप सिंह व अन्य मौजूद रहे।

---



**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस में भाग लेते विद्यार्थी।

विद्यार्थियों ने बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताई

# क्रेसण्ट स्कूल में प्रदूषण के खिलाफ किया जागरूक

- छात्रा सीरत ने 'आओ मिलकर कसम यें खाएं, प्रदूषण को हम दूर भगाएं' कविता का सस्वर वाचन कर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में 'हरित भविष्य के लिए सतत जीवन' थीम के साथ राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रार्थना सभा में पीहू व कृति के मंच संचालन में नव्या व माहिर के 'प्रदूषण की समस्या एक दीमक की तरह है जो पर्यावरण को धीरे-धीरे खोखला बनाती जा रही है' पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रेरक विचारों से हुई। छात्रा सीरत ने 'आओ मिलकर कसम यें खाएं, प्रदूषण को हम दूर भगाएं' कविता का सस्वर वाचन किया। कक्षा चार के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर आधारित एक्ट के माध्यम से वायु, जल, ध्वनि तथा मिट्टी प्रदूषण से संबंधित मॉडल, चार्ट एवं उनके रोकथाम उपायों को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया गया।

#### सामूहिक जिम्मेदारी

फलिशा ने भोपाल गैस त्रासदी का वर्णन करते हुए अपने व्याख्यान के माध्यम से बताया कि किस प्रकार औद्योगिक लापरवाही लाखों निर्दोष लोगों के जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ सकती है। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि अभी से आप पर्यावरण के प्रति जागरूक रहेंगे, तो आने वाला भविष्य निश्चित रूप से स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित होगा। कार्यक्रम के अंत में कक्षा चार के विद्यार्थियों ने सभी से 'पेड़ लगाओ-पर्यावरण बचाओ' एवं 'क्लीन-कैंपस ड्राइव' जैसी प्रतिज्ञाएं करवाई।

---

# श्री श्याम बगीची में सजी भजन संध्या

- सोमवार रात एकादशी के उपलक्ष्य में धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से सोमवार रात को एकादशी के उपलक्ष्य में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि भजन- लहर लहर लहराए रे झंडा बजरंग बली का, तू रुक नही पाएगा बाबा जब तुम्हें बुलाएगा, कन्हैया ले चल उस पार, खाटू के कण कण में विराजे कलयुग का अवतार, मेरी जिंदगी को संभालो कन्हैया तुम्हारी ये नैया, श्याम बगीची धाम है बनते यहां बिगड़े काम है सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। बाद में भजन गायिका श्याम लाडली पावनी खुराना ने भजन- श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आया हूं, जय जय जय बजरंग बली, वीर हनुमाना अति बलवाना, मेरे सिर पर बाबा श्याम घुमा दे मोर छड़ी, तृ कृपा कर बाबा मैं कीर्तन करवाउंगा, हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं, फूलों से सज रहे वृंदावन बिहारी, खाटू वाले श्याम धणी कमाल हो गया, खाटू वाला सेठों का सेठ सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए।



**सिरसा।** भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक। *फोटो: हरिभूमि*

#### प्रसाद वितरित किया

*जिन पर श्याम भक्त रात भर झूमते रहे। भजन संध्या के समापन पर बाबा श्याम की आरती की गई और बाबा को भेग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।*

---

### शिवमोग्गा राष्ट्रीय सम्मेलन में लुवास के वैज्ञानिकों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हिसार।** वेटरनरी कॉलेज, शिवमोग्गा (कर्नाटक) में आयोजित 25वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के वैज्ञानिकों ने अपने उत्कृष्ट अनुसंधान कार्यों से विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। यह सम्मेलन भारतीय पशु चिकित्सा भैषज्य एवं विष विज्ञान सोसायटी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देश–विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। सम्मेलन में लुवास की शोधार्थी छात्रा डॉ. सोनू देवी को उनके उत्कृष्ट शोध प्रोफेनोफॉस द्वारा उत्पन्न जीन विषाक्तता तथा करक्यूमिन द्वारा उसके निवारण का मूल्यांकन विषय पर वर्ष 2024 का सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी सम्मेलन की पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में लुवास की वैज्ञानिक डॉ. प्रीति बागड़ी ने अपने शोध साइक्लोफॉस्फामाइड से उत्पन्न विषाक्तता के विरुद्ध बहु-औषधीय संयोजन की जीन-सुरक्षात्मक क्षमता का मूल्यांकन पर आकर्षक एवं वैज्ञानिक रूप से प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

---

# आदर्श स्कूल, दरियापुर में इलेक्ट्रॉनिक्स और रोबोटिक्स वर्कशॉप का आयोजन

- छात्रों ने स्मार्ट सेंसर किट्स का निर्माण कर प्रदर्शित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरियापुर में पांच दिवसीय इलेक्ट्रॉनिक्स और रोबोटिक्स वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में दिल्ली से आए विशेषज्ञ आदित्य ने छात्रों को आर्डिनो सिमुलेशन, आईओटी और आधुनिक तकनीकों के बारे में ज्ञान प्रदान किया।

छात्रों ने स्मार्ट सेंसर किट्स का निर्माण किया और कई नवीनतम मॉडल्स बनाकर अपनी व्यावहारिक कौशल का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन ने छात्रों की उत्साह और रचनात्मकता की प्रशंसा की। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** आदर्श स्कूल दरियापुर में आयोजित वर्कशॉप में भाग लेते विद्यार्थी।

#### विज्ञान का महत्व बताया

इस वर्कशॉप के माध्यम से छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने कौशल को विकसित करने का अवसर मिला। इस तरह की वर्कशॉप के माध्यम से स्कूल का उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करना और उन्हें नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना है।

---

# दफ्तरों में होगा 5 मिनट का योग ब्रेक

- नोडल अधिकारी के रूप में आयुष विभाग की योग विशेषज्ञा पूजा को नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के सभी सरकारी दफ्तरों में अब रोजाना 5 मिनट का योग ब्रेक दिया जाएगा। मुख्यालय से जारी निर्देशानुसार अधिकारी-कर्मचारियों को सरल योग क्रियाएं और आसन करवाए जाएंगे, जिनसे वे तनाव मुक्त होकर अधिक एकाग्रता के साथ अपने कार्यों को पूरा कर सकेंगे। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. धर्मपाल पूनिया ने बताया कि योग ब्रेक से नियमित कार्यप्रणाली पर कोई असर नहीं पड़ेगा, बल्कि अधिकारी एवं कर्मचारी अधिक ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ अपनी जिम्मेदारियाँ निभाएंगे। योग समन्वयक डॉ बलराज ने बताया कि लघु सचिवालय में नियमित रूप से योग अभ्यास आयुष योग सहायक पूनम तथा रविंद्र द्वारा करवाया जाएगा। वहीं वाई ब्रेक के नोडल अधिकारी के रूप में आयुष विभाग की योग विशेषज्ञा पूजा को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी वाई ब्रेक प्रोटोकॉल को आयुष विभाग की ऑफिशियल भारत पोर्टल पर जाकर सर्च कर सकता है। योग ब्रेक में कुछ सरल आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया जाएगा, जिससे तनाव कम होगा और कार्यक्षमता बढ़ेगी।


---

# अभिमन्यु बने पंचायत समिति के अध्यक्ष

- उपमंडल अधिकारी मोहित कुमार की अध्यक्षता में चुनाव करवाया गया, इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

ओढां पंचायत समिति के अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को उपमंडल अधिकारी (ना.) मोहित कुमार की अध्यक्षता में चुनाव संपन्न करवाया गया, जिसमें वार्ड नंबर 3 के सदस्य अभिमन्यु पुत्र राजेंद्र कुमार को ओढ़ां पंचायत समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। एसडीएम मोहित कुमार ने बताया कि ओढ़ां पंचायत समिति का अध्यक्ष पद रिक्त था।



**सिरसा।** चेयरमैन मोहित को प्रमाण पत्र देते एसडीएम। *फोटो: हरिभूमि*

#### 18 सदस्य मौजूद रहे

राज्य चुनाव आयोग हरियाणा और उपायुक्त के निर्देशों का पालन करते हुए 2 दिसंबर, मंगलवार को चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई। नामांकन प्रक्रिया के तहत एक सदस्य ने ही नामांकन भरा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान पंचायत समिति के 18 सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान बीडीपीओ अमन मित्तल भी मौजूद रहे।

---

# हिंदी व संस्कृत समूहगान में डीपीएस स्कूल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हिंदी व संस्कृत समूहगान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय प्राचार्या डॉ. रमा दहिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता बीती 30 नवंबर को सफीदों में आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में डीपीएस सिरसा के छात्रों ने हिंदी समूहगान और संस्कृत समूहगान दोनों श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त कर समस्त उपस्थित दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित कर दिया। इस बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय की टीम का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो आगामी 14 दिसंबर को ग्वालियर में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय की विजेता टीम में चैरिल, लोरेंस, काव्या, तन्वी, हरइनायत, नव्या, भूमिशा शर्मा और वंश ने अपनी स्वर प्रतिभा और ताल-लय से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।


---

# श्री श्याम बाबा खाटू वाले का संकीर्तन 14 दिसम्बर को

- संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन प्रवाहक कामोद मिश्र शास्त्री, वृंदावन विशेष रूप से पधारेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री श्याम बाबा खाटू वाले का विशाल संकीर्तन 14 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है। यह विशाल संकीर्तन तहसील चौक स्थित श्री राम सेवा समिति धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। इस संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन प्रवाहक कामोद मिश्र शास्त्री, वृंदावन विशेष रूप से पधारेंगे।



श्री श्याम मंदिर में सजा दरबार।

#### 13 को थाली कीर्तन

13 दिसम्बर को श्री श्याम मंदिर में थाली कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व 4 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक रोजाना प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभात फेरी सवा 5 बजे श्री श्याम मंदिर से चलकर शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए वापस श्याम मंदिर पहुंचेंगी। 10 दिसम्बर से प्रतिदिन सांय 5 बजे संगीतमयी भगत माल कथा एवं श्री श्याम महिमा का गुणगान किया जाएगा। यह गुणगान 12 दिसम्बर तक प्रतिदिन किया जाएगा।

---

सीडीएलयू में भारतीय भाषा परिवार सम्मेलन का आयोजन

विद्वान बोले- भारतीय भाषाओं की जड़ें हमारी सामाजिक संरचना से जुड़ी हुई है

# भारतीय भाषाएं केवल संवाद का माध्यम नहीं, सभ्यता की जीवंत धरोहर: राम सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

इतिहास संकलन समिति के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् राम सिंह यादव ने कहा कि भारतीय भाषाएं केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा, संस्कृति और सभ्यता की जीवंत धरोहर हैं। भारत की विविध भाषाओं में निहित सामंजस्य हमारी सामाजिक शक्ति का अद्भुत उदाहरण है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी मातृभाषाओं को आत्मविश्वास के साथ अपनाएं, उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ें और युवा पीढ़ी को भाषा-आधारित शोध एवं नवाचार की ओर प्रेरित करें। ऐसे सम्मेलन न केवल ज्ञान का आदान-प्रदान करते हैं, बल्कि राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का माध्यम भी बनते हैं। राम सिंह यादव मंगलवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में आयोजित 'भारतीय भाषा परिवार सम्मेलन' के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर भारतीय भाषाओं की बढ़ती स्वीकार्यता इस बात का प्रमाण है कि हमारी भाषाएं भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। इससे समाज को गति भी मिल रही है।



**सिरसा।** सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता। *फोटो: हरिभूमि*

#### शोध के महत्व पर प्रकाश डाला

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि भारतीय भाषाओं की जड़ें हमारी सामाजिक संरचना में गहराई से जुड़ी हैं। हमें आवश्यकता है कि प्रशासन, शिक्षा और शोध के हर स्तर पर भारतीय भाषाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। ऐसे कार्यक्रम न केवल भाषाई चेतना बढ़ाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों को अपनी मूल भाषाई पहचान से जोड़े रखते हैं। संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में भारतीय भाषाओं की उत्पत्ति, विकास और भाषा परिवारों पर विशेषज्ञ व्याख्यान, भाषाई एकता, अनुवाद, बोली-विविधता और सांस्कृतिक सेतु पर शोधपत्र प्रस्तुतियां व कई विषयों पर मंथन किया गया।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में मनाया गीता जयंती उत्सव

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में मंगलवार को गीता जयंती का पावन उत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए दिव्य उपदेशों से अवगत कराना रहा ताकि वे ज्ञान, कर्तव्य-निष्ठा, सत्य और अनुशासन को अपने जीवन का आधार बना सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता के पवित्र श्लोकों एवं शांति मंत्र के सामूहिक उच्चारण से हुआ।

### मेरा पसंदीदा श्लोक प्रतियोगिता करवाई

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के अंतर्गत गीता ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा मेरा पसंदीदा श्लोक ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता आम नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों को गीता के शाश्वत संदेश से जोड़ने का एक श्रेष्ठ अवसर प्रदान करती है। प्रतियोगिता के लिए 5 दिसंबर शाम 5 बजे तक प्राप्त प्रविष्टियों को ही वैध माना जाएगा।

### नेत्र ऑपरेशन शिविर का 21 लोगों ने उठाया लाभ

**हिसार।** समाजसेवी प्रवीन बंसल के सहयोग से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने आंखों में सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित 21 लोगों का निशुल्क ऑपरेशन किया। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि बस स्टैंड के पास ऋषि नगर में स्थापित दिव्यांग केंद्र में समय-समय पर निशुल्क नेत्र जांच, नेत्र ऑपरेशन शिविर व कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किए जाते हैं।

### किसान सभा का धरना 36वें दिन भी जारी

**हिसार।** किसानों की मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय पर अखिल भारतीय किसान सभा की हिसार तहसील कमेटी का धरना मंगलवार को 36 वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता तहसील प्रधान रमेश मिरकां ने की तथा संचालन अभयराम फौजी ने किया। धरने को संबोधित करते हुए तहसील प्रधान रमेश मिरकां व सचिव अभयराम फौजी ने बताया कि किसानों की मांगों को लेकर किसान सभा 36 दिन से एसडीएम कार्यालय पर धरना दे रही है।

### महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाया अभियान

**हांसी।** सेफ सिटी कैंपेन के तहत महिला पुलिस द्वारा मंगलवार को महिलाओं को अपराधों तथा अपराधिक प्रवृत्ति के असामाजिक तत्वों के प्रति सजग जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शहरी एरिया पटेल चौक हांसी, कॉलेज पार्क, शिक्षण संस्थान पर छात्राओं व महिलाओं से मुलाकात की और उन्हें महिला विरुद्ध अपराध के प्रति सजग रहने तथा असामाजिक तत्वों द्वारा की गई किसी भी प्रकार की अभद्र हरकत का डटकर मुकाबला करने के संबंध में जागरूक किया।

## खामियों को दूर करने के दिए दिशा-निर्देश

# डोर-टू-डोर की गाड़ियों में जीपीएस में मिली समस्याएं

**निगम अधिकारियों ने पूरी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। बातचीत करते नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

नई सोच, नया हिसार अभियान के तहत शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए नगर निगम ने सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य दो एजेंसियों को सौंप गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर निगम अधिकारियों ने इस पूरी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की और मौजूदा खामियों को दूर करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह और अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा सहित सीएसआई और सभी एएसआई ने मंगलवार को कार्य की समीक्षा की। कुछ स्थानों पर गाड़ियों के जीपीएस सिस्टम में दिक्कत तो कुछ गाड़ियों के निर्धारित लोकेशन तक जाने में परेशानी की बात सामने आई। इसके अलावा कुछ लोगों ने निगम अधिकारियों से शिकायत की कि कुछ हेल्पर कचरा डलवाने में सहायता नहीं कर रहे हैं।

### जोन-1 में अतिरिक्त आयुक्त चेतल ने लिया जायजा

जोन-1 में अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने एएसआई टीम के साथ कार्य प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जोन 1 में वार्ड 1 से 10 तक का क्षेत्र आता है। जिसमें डोर-टू-डोर की गाड़ियों में जीपीएस में कुछ समस्या आ रही है। इसके अलावा कार्य सही चल रहा हैं। उन्होंने बताया कि हाउसिंग बोर्ड, सुदामा नगर, एमजीए सेक्टर-21 और सेक्टर 14 का कुछ हिस्सा कचरे को अलग-अलग करके गाड़ियों में डाल रहे है। इस दौरान जोन 1 के एएसआई और एचएसआई मौजूद रहे।

### लोकेशन तक पहुंचने में आई दिक्कत

जोन-2 में डॉ. प्रदीप हुड्डा ने सीएसआई राजकुमार सहित एएसआई के साथ डोर-टू-डोर कलेक्शन की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ ड्राइवरों को निर्धारित लोकेशन तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। वहीं, कई वाहनों में लगे स्पीकर सही से कार्य नहीं कर रहे थे, जिससे कचरा संग्रहण की सूचना क्षेत्रवासियों तक समय पर नहीं पहुंच पा रही थी। स्थानीय लोगों ने तेज गति से चलने वाले वाहनों की समस्या भी बताई। इसके अलावा उन्होंने यह भी शिकायत की कि कुछ हेल्पर कचरा डलवाने में सहायता नहीं कर रहे है। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सभी एएसआई और एचएसआई को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने साथ ही दोनों एजेंसियों के प्रतिनिधियों को भी अवगत कराते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान के आदेश दिए।

### गोबर उठान के लिए 7 ट्रैक्टर ट्रॉली उतरेंगी फील्ड में

अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल नेबताया कि गोबर उठान के लिए सात ट्रैक्टर ट्रॉली शुरू कर दी गई है जोकि बुधवार से कार्य शुरू कर देंगी। इसके लिए रूट निर्धारित कर दिए गए है। इसकी समीक्षा के दौरान एक्सईएन जयबीर डूडी, जेई कुलदीप और एएसआई मौजूद थे। इसके साथ ही विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने भी डोर-टू-डोर कार्य की निगरानी कर समीक्षा की। निगरानी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सभी एचएसआई अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में मौजूद रहे।

# ओएसजीयू में जागरूकता रैली का आयोजन

- विश्व एड्स दिवस और राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर फैलाई जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। जागरूकता रैली निकालते ओएसजीयू के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस और विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान और रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विश्व एड्स दिवस की थीम व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाना के तहत विश्वविद्यालय में विशाल रैली का आयोजन किया गया। इसी के साथ राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस' के अवसर पर एनएसएस क्लब द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय ने सभी छात्रों, कर्मचारियों और आस पास के गांवों के लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि शिक्षण संस्थान की जिम्मेदारी केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण करना भी है। उन्होंने छात्रों के उत्साह की सराहना की। अलग अलग विभाग के छात्रों के बीच एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी कला के माध्यम से एड्स रोकथाम का संदेश दिया। इस रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन.पी. कौशिक, प्रति कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर और रजिस्ट्रार डॉ. सत्यवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### हरिदास कॉलोनी में सड़क निर्माण में देरी से भड़के मेयर

**हिसार।** नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा तथा स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनने के उद्देश्य से मेयर प्रवीण पोपली मंगलवार को हरिदास कॉलोनी पहुंचे। इस निरीक्षण दौरे में उनके साथ पार्षद राजेंद्र बिडलान, एमई अमित बेरवाल, जेई संदीप काजल, जनस्वास्थ्य विभाग के जेई चंद्रमोहन मौजूद रहे। मेयर पोपली ने कॉलोनी का निरीक्षण कर सड़कों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय निवासियों ने उन्हें सड़क निर्माण में हो रही देरी और इससे हो रही परेशानियों से अवगत कराया। मेयर ने तुरंत नगर निगम अधिकारियों से संबंधित विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली।



हांसी। कराटे प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार व अन्य।

### हिंदू स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप में जीते 25 पदक

**हांसी।** हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कराटे खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपने जबरदस्त प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। एमएम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 8 वीं इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप में विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 25 खिलाड़ियों के दम पर बेहतरीन सफलता हासिल की। पदक विजेता विद्यार्थियों का स्कूल पहुंचने पर फूल-मालाएं व मेडल पहनाकर कर स्वागत किया गया। स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि कराटे चैंपियनशिप में सभी खिलाड़ियों ने जबरदस्त जोश, अनुशासन और तकनीक का प्रदर्शन किया। और प्रतियोगिता में विद्यालय के लिए 25 पदक जीतकर सभी को प्रभावित किया।

# गीता जयंती प्रश्नोत्तरी में टैगोर स्कूल का शानदार प्रदर्शन

- गीता जयंती महोत्सव में आयोजित गीता जयंती प्रश्नोत्तरी में 22 जिलों से आई 66 टीमों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। टैगोर स्कूल के छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि।

टैगोर स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित गीता जयंती महोत्सव की विभिन्न विधाओं में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। गीता जयंती महोत्सव में आयोजित गीता जयंती प्रश्नोत्तरी में 22 जिलों से आई 66 टीमों ने भाग लिया।

इन टीमों की एक लिखित परीक्षा हुई जिसमें टैगोर स्कूल की टीम प्रथम स्थान पर रही। इस लिखित परीक्षा में पूरे हरियाणा से कुल छह टीमों का चयन किया गया। इसके बाद इन टीमों के छह मौखिक राउंड हुए जिनमें टैगोर स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

टीम के सदस्य संगम, अंशी व दक्षिता की इस टीम ने 3100 रुपए की नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक तुशांत ने बताया कि स्कूल के छात्र अनेक प्रतियोगिकी प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करके स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। स्कूल में पहुंचने पर टैगोर परिवार की तरफ से विजेता छात्रों का जोरदार स्वागत कर इनाम देकर सम्मानित किया गया।

### मानवाधिकार दिवस पर कानूनी जागरूकता शिविर 10 को

**हांसी।** उपमंडल विधिक सेवाएं समिति द्वारा 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर ऑनलाइन मॉड में आयोजित होगा। इस शिविर में वकील विनय सैनी कानून से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारी नागरिकों को उपलब्ध करवाएंगे। शिविर का आयोजन ढाणी केंदू गांव के पंचायत घर में आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार से 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर ढंडेरी गांव के पंचायत घर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में एडवोकेट कृष्ण कुमार नागरिकों को कानून से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध करवाएंगे।

# कराटे में विजेता छात्राओं का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। पदक विजेता छात्राओं के साथ स्कूल प्राचार्या रेनू बंसल व अन्य।

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 12 विद्यार्थियों ने एमएम इंटरनेशनल स्कूल हांसी में आयोजित 8वीं इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, तीन सिल्वर व सात कांस्य पदक हासिल किए। विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, सचिव नकुल कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोयल व प्राचार्या रेणु बंसल ने विद्यालय पहुंचने पर पदक विजेता छात्राओं का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उन्हें पदक जीतने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बच्चों ने अनुशासन, प्रतिभा और कड़ी मेहनत का उत्कृष्ट परिचय दिया। यह उपलब्धि न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है बल्कि विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को भी प्रदर्शित करती है।

# दीपक बने भारतीय आइस स्केटिंग टीम के मैनेजर

- दीपक हरियाणा आइस स्केटिंग संघ के महासचिव के पद पर तैनात हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



जिले के बुड़ाक गांव के रहने वाले महासचिव हरियाणा स्केटिंग संघ दीपक कोहाड़ को इनर मंगोलिया इंटरनेशनल मास शोर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ओपन चैंपियनशिप के लिए भारतीय आइस स्पीड स्केटिंग टीम के मैनेजर की कमान सौंपी गई है। यह चैंपियनशिप 3 दिसंबर से 9 दिसंबर तक चीन देश के मंगोलिया शहर में होगी। यह नियुक्ति भारतीय आइस स्केटिंग संघ द्वारा की गई है। दीपक कोहाड़ हरियाणा आइस स्केटिंग संघ के महासचिव के पद पर तैनात हैं। यह हरियाणा के लिए एक गौरव का विषय है कि पहली बार हरियाणा संघ के किसी पदाधिकारी को भारतीय आइस स्पीड स्केटिंग टीम का मैनेजर विदेशी दौरे के लिए बनाया

# पटेल नगर आरयूबी में खड़े पानी का स्थायी समाधान करने के निर्देश

- मेयर पोपली ने किया पटेल नगर आरयूबी व हरिदास कॉलोनी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रवासियों से बातचीत करते मेयर प्रवीण पोपली।

नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से मेयर प्रवीण पोपली मंगलवार को पटेल नगर आरयूबी पहुंचे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत निरीक्षण किया।

इस दौरान पार्षद राजेंद्र बिडलान, एमई अमित बेरवाल, जेई संदीप काजल, जनस्वास्थ्य विभाग के जेई चंद्रमोहन सहित निगम के कई अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मेयर पोपली ने विशेष रूप से पटेल नगर आरयूबी में लंबे समय से बनी हुई जलभराव की समस्या पर चिंता जताई।

उन्होंने अधिकारियों से इस समस्या के कारणों और अब तक किए गए उपायों की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा आरयूबी का स्थल निरीक्षण पहले ही कर लिया गया है और जलभराव दूर करने के लिए आवश्यक तकनीकी प्रपोज़ल तैयार कर लिया गया है।



हिसार। गुजवि में कंपनी अधिकारियों के साथ चयनित विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### गुजवि के छह विद्यार्थियों को ब्रैडी कंपनी में मिला प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से ब्रैडी कंपनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के ऑन-कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक प्रिंटिंग, ईसीई और ईई प्रोग्राम के छह विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डा. विजय कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी दक्षता, आत्मविश्वास और उद्योग के लिए तैयार रहने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्लेसमेंट निदेशक डा. प्रताप सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक प्रिंटिंग, ईसीई तथा ईई कार्यक्रम के 55 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के साहिल व त्रिशका, बीटेक ईसीई की गुंजन, साहिल व अमन तथा बीटेक ईई की खुशबू को चयनित किया गया है। प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वय बीटेक ईसीई की अनन्या ने किया।



हिसार। बैठक करते कॉलोनीवासी। फोटो :हरिभूमि

### समस्याओं को लेकर कॉलोनीवासियों ने बुलाई बैठक

**हिसार।** ग्लोबल स्पेस सेक्टर 24 के सेंट्रल पार्क में कॉलोनीवासियों ने रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी सलाहकार जयबीर ढुल की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक का संचालन सोसायटी महासचिव नरेश सैनी ने किया। महासचिव नरेश सैनी ने बताया कि इस दौरान कॉलोनी में विभिन्न समस्याओं को लेकर बिल्डर द्वारा अपनाए जा रहे मनमाने व असंवेदनशील व्यवहार की कॉलोनीवासियों द्वारा आलोचना की गई। उन्होंने कहा कि कॉलोनी में बिल्डर द्वारा स्वच्छ पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। दिन में केवल एक समय ही पानी की आपूर्ति हो रही है और यह पानी भी दूषित सप्लाई हो रहा है जबकि मेंटनेंस चार्ज के रूप में कॉलोनीवासियों से हर महीने लाखों रुपये जमा करवाए जाते हैं। बावजूद इसके न तो कालोनी का उपयुक्त तरीके से रखरखाव किया जा रहा है और न ही कॉलोनीवासियों से लिए जा रहे चार्ज का कोई हिसाब दिया जा रहा है। बैठक में कॉलोनी की समस्याओं का समाधान न करने के बिल्डर के असंवेदनशील रवैये के प्रति निंदा प्रस्ताव पास किया गया और बिल्डर से मांग की गई कि कालोनी की समस्याओं को जल्द से जल्द करवाया जाए अन्यथा कालोनीवासी आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

### हर्ष पेटवाड़ बने नारनौंद व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपप्रधान

**नारनौंद।** कस्बे में व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें प्रधान प्रदीप ढांडा ने सर्वसम्मति से जंबो कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें हर्ष पेटवाड़ को वरिष्ठ उप प्रधान बनाया गया। बिट्टू व कमलजीत गोस्वामी को उपप्रधान, अजय बंसल को महासचिव, नरेश बेरवाल को सचिव, सुभाष सिंगला को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सलाहकार के रूप में धर्मपाल मित्तल, जयपाल पेटवाड़, डॉक्टर नरेश शर्मा, रामअवतार मित्तल, वीरेंद्र दुहन, सुन्दर गिरधर, प्रेम दुहन, पौना सैनी, कुलबीर लोहान, अमरजीत, मुकेश लोहान की बनाया गया है। सदस्य के रूप में अनिल लाला, राजू लिखा आदि रहे।

## कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया 13 तक जारी रहेगी

# हकृवि में पीएचडी के विभिन्न विषयों में दाखिले शुरू

**पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला एंट्रेंस टेस्ट में हासिल मेरिट के आधार पर होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




हिसार। विश्वविद्यालय का गेट नंबर-4 का स्वर्ण जयंती द्वार।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विभिन्न पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया 13 दिसंबर 2025 तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला एंट्रेंस टेस्ट में हासिल मेरिट के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पहले और काउंसलिंग के समय आने से पूर्व उम्मीदवार प्रोस्पेक्टस-2025-26 में दिए गए दाखिला संबंधी सभी हिदायतों व नियमों को अच्छी तरह से पढ़ लें। इसके अलावा उपलब्ध सीटों की संख्या, महत्वपूर्ण तिथियां, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, दाखिला प्रक्रिया आदि संबंधी सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में मौजूद है। उन्होंने उम्मीदवारों को दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से चैक करते रहने को कहा है।

### पीएचडी प्रोग्राम में दाखिले की ये होगी प्रक्रिया

*विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में पीएचडी में दाखिला कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। उन्होने बताया कि कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्रीकल्चर मेटीयोरोलॉजी, एग्रोनॉमी, फ्रूट साइंस, फलोरिकल्चरल एंड लैंडस्केपिंग, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, नेमोटोलॉजी, इंटोमोलॉजी, सिल्वीकल्चर एंड एग्रोफोरस्ट्री, प्लांट पेथोलॉजी, सीड साइंस एंड टैक्नोलॉजी, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस, एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट व रूरल मैनेजमेंट विषय शामिल हैं। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन इंजीनियरिंग, फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग व रिनुएबल एनर्जी इंजीनियरिंग जबकि सामुदयिक विज्ञान महाविद्यालय में एपिरेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड्स एंड न्यूट्रीशन, ह्यूमन डेवेलपमेंट एंड फैमिली स्टडीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंस विषय शामिल हैं।*